'क्लीन प्लांट' कार्यशाला में गडकरी ने जताया विश्वास

संतरा बन सकता है विदर्भ की कृषि अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार

नागपुर, निज संवाददाता. विदर्भ के कृषि क्षेत्र के सामने अनेक चुनौतियां हैं लेकिन हर समस्या का समाधान निकालना संभव है. विशेष रूप से यदि सरकारी संस्थानों के शोधकर्ता नर्सरियों का उचित मार्गदर्शन करें और रोगमुक्त पौधों का उत्पादन करें तो किसानों को इसका बड़ा लाभ मिल सकता है. इसी माध्यम से नागपुर की वैश्विक पहचान बन चुके संतरे को भी विदर्भ की कृषि अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार बनाया जा सकता है. यह विश्वास केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने व्यक्त किया. वे आईसीएआर के केंद्रीय नींबूवर्गीय फल अनुसंधान संस्थान द्वारा केंद्र सरकार की 'क्लीन प्लांट' (रोगमुक्त पौधे) पहल के अंतर्गत आयोजित कार्यशाला में बोल रहे थे. कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक दिलीप कुमार घोष, प्रधान वैज्ञानिक ए.के. दास तथा सुधीर दिवे, असम, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर, मणिपुर सहित 12 राज्यों के अधिकारी और कृषि विशेषज्ञ शामिल हुए.

अधिक जागरूकता की आवश्यकता

गडकरी ने कहा कि विदर्भ की खेती में जल प्रबंधन और मृदा परीक्षण के प्रति अधिक जागरूकता की आवश्यकता है लेकिन इन सभी पहलुओं के साथ कृषि विकास में रोगमुक्त पौधों की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण है. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद इस दिशा में कार्य कर रही है लेकिन विदर्भ की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उसी आधार पर रिसर्च करना और उसका लाभ किसानों तक पहुंचाना आवश्यक है. सरकारी संस्थानों को उच्च गुणवत्ता वाले, रोगमुक्त पौधे और बीज तैयार करने चाहिए. किसानों और नर्सरी संचालकों का मार्गदर्शन करना चाहिए तथा उन्हें गुणवत्तापूर्ण पौधे तैयार करने का प्रशिक्षण देना चाहिए. इससे किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन लेने में मदद मिलेगी.

किसानों के लिए तत्काल छोड़ें पेंच का पानी

पालक मंत्री बावनकुले ने दिये निर्देश

नागपुर, निज संवाददाता. खरीफ सीजन की फसलों को पानी की आवश्यकता को देखते हुए पेंच प्रकल्प का पानी तत्काल किसानों के लिए छोड़े जाने के निर्देश पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने संबंधित अधिकारियों को दिए हैं. एल नीनो के प्रभाव के कारण इस वर्ष वर्षा में कमी आने की संभावना को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने पेयजल प्रबंधन के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं. जल संसाधन विभाग ने सभी संबंधित अथॉरिटी को 31 अगस्त तक पेयजल की समुचित योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं. बावनकुले ने कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए समय पर पानी उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है और पानी के अभाव में किसी भी किसान को नुकसान नहीं होना चाहिए. इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से पानी छोड़ा जाए. साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सिंचाई का पानी अंतिम छोर पर स्थित किसानों तक भी पहुंचे. उन्होंने सिंचाई विभाग को यह भी निर्देश दिए कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जल उपयोगकर्ता संस्थाओं तथा किसान प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर जल वितरण की योजना बनाई जाए, पानी की बर्बादी रोकी जाए तथा आवश्यक स्थानों पर नियमित निगरानी रखी जाए.

उत्पन्न न हो पेयजल संकट

सरकार के निर्देशानुसार, पेयजल की आवश्यकताओं की पूर्ति के बाद ही शेष पानी का उपयोग सिंचाई तथा अन्य उद्देश्यों के लिए किया जाएगा. इसके अलावा जलाशयों में उपलब्ध जल, वर्षा की स्थिति तथा भविष्य की संभावित परिस्थितियों की नियमित समीक्षा करते हुए जल वितरण की योजना का समय-समय पर पुनर्मूल्यांकन करने के निर्देश भी बावनकुले ने दिए हैं.

राजकोट-ओखा के बीच 2 दिन रद्द रहेगी ओखा एक्स.

नागपुर, नगर प्रतिनिधि. रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास एवं संरक्षा संबंधी कार्यों के तहत पश्चिम रेलवे के राजकोट मंडल के अलियावाडा-हापा-जामनगर सेक्शन में लाइन दोहरीकरण का कार्य विभिन्न दिवसों में ब्लॉक लेकर किया जायेगा. इसके चलते दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संचालित ट्रेन 22940 बिलासपुर-ओखा एक्सप्रेस का परिचालन प्रभावित होगा. 27 जुलाई एवं 03 अगस्त को बिलासपुर से चलने वाली ट्रेन 22940 बिलासपुर-ओखा एक्सप्रेस राजकोट स्टेशन पर समाप्त होगी. यह ट्रेन राजकोट और ओखा के बीच रद्द रहेगी.

महादेवसाल में रुकेगी शालीमार एक्स.

नागपुर, नगर प्रतिनिधि. महादेवसाल में श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की विशेष सुविधा हेतु दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के महादेवसाल स्टेशन पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली ट्रेन 18029/18030 एलटीटी-शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस के अस्थायी ठहराव की सुविधा देने का निर्णय लिया है. यात्रियों को यह सुविधा 28 जुलाई से 28 अगस्त तक प्राप्त होगी.

पानी की टंकी पर चढ़े युकां कार्यकर्ता

जंतर-मंतर पर लाठीचार्ज के खिलाफ जताया रोष, 8 को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नागपुर, निज संवाददाता. नीट पेपर लीक मामले को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे आंदोलन के दौरान विद्यार्थियों पर हुई पुलिस की अमानवीय लाठीचार्ज के खिलाफ नागपुर में युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने रोष जताया. प्रदेश सचिव हेमंत कातुरे के नेतृत्व में कार्यकर्ता खानखोजेनगर मानेवाड़ा रोड स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गया. हाथों में सरकार के खिलाफ बैनर लहराते हुए नारेबाजी शुरू कर दी. युवाओं के टंकी पर चढ़कर आंदोलन करने की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया. कार्यकर्ता केन्द्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे. पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद युवाओं को नीचे उतारा और 8 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया. आंदोलन में प्रदेश सचिव सुमंत कुर्हेकर, ऋषभ धुले, राज संतापे, रोहित देशमुख, संकेत सोनारे, आयुष शेंडे, सौरभ सांभारे, प्रणय निंबुलकर, अथर्व चावरे, जय कावठाले, तुषार सुखदेवे, आदित्य राऊत, रोहित साल्वीकर, सजल दुधे, वंश निनावे, वैभव गिरडकर, वंश राजपूत सहित बड़ी संख्या में युकां कार्यकर्ता शामिल हुए.

एक नजर में

कैरियर गाइडेंस व प्रतिभा सम्मान समारोह आज

बैतूल। सूर्यवंशी ढोलेवार कुन्बी समाज संगठन जिला-बैतूल द्वारा आज रविवार, 26 जुलाई को एसडीआर लॉन, दनोरा में करियर गाइडेंस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू होगा। इसमें कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं को करियर गाइडेंस प्रदान करने के साथ उनका सम्मान किया जाएगा। साथ ही समाज की विशिष्ट प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। संगठन के जिला अध्यक्ष भोलाराम कोकाटे ने समाजजनों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

पोल शिफ्टिंग के कारण बंद रहेगी बिजली

बैतूल। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा कारगिल चौक से गाड़ाघाट रोड तक निर्माणाधीन सड़क में बाधा बन रहे विद्युत पोलों को 26 जुलाई को शिफ्ट किया जाएगा। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल जोन- 2 प्रबंधक शहर ने बताया कि विद्युत पोल को शिफ्ट करने के चलते रविवार को प्रातः 9 से दोपहर 1 बजे तक 11 केव्ही टिकारी के बच्चा जेल, प्रताप वार्ड, महावीर वार्ड, अखाड़ा चौक, जेरी चौक, गाड़ाघाट पम्प, पटने आटा चक्की, नागदेव मंदिर टिकारी, ईसाई चौक, नर्स ट्रेनिंग स्कूल, कृष्णापुरा, ठाकरे की चाल, शारदा नगर, वैष्णवी नगर, गंगोत्री कालोनी, कमानी गेट, थाना चौक, मांग मोहल्ला, दुर्गा वार्ड, गुड़ बाजार, गांधी चौक, साईं मंदिर टिकारी, ग्रीन स्टेट कॉलोनी, भुजलिया घाट आदि क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि किन्ही अपरिहार्य कारणों से समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

गायत्री परिवार का मौन साधना शिविर आज

बैतूल। अखिल विश्व गायत्री परिवार के मार्गदर्शन में माता भगवती देवी शर्मा एवं अखंड दीप शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में चल रहे साधना अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय मौन साधना शिविर का आयोजन किया जा रहा है। गायत्री परिवार के जिला समन्वयक रविशंकर पारखे एवं सह समन्वयक राजकुमार पालीवाल ने बताया कि तहसील चिचोली में 26 जुलाई, रविवार को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक जिला स्तरीय मौन साधना शिविर एवं जिला समन्वय समिति की विचार गोष्ठी का आयोजन श्री सिद्ध हनुमान मंदिर, खाक चौक आश्रम, मंडई घाट, चिचोली में किया जाएगा।

हर दिन 9.65 लाख टिकट बुकिंग, रेल वन अब तक 4.55 करोड़ डाउनलोड

नागपुर, नगर प्रतिनिधि. भारतीय रेलवे का डिजिटल प्लेटफॉर्म रेलवन ऐप यात्रियों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है. अब तक ऐप को 4.55 करोड़ से अधिक बार डाउनलोड किया जा चुका है. वहीं, इस ऐप के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 9.65 लाख टिकट बुक किए जा रहे हैं. इनमें करीब 2.75 लाख आरक्षित और 6.89 लाख अनारक्षित टिकट शामिल हैं.

रेलवे के इस वन-स्टॉप डिजिटल प्लेटफॉर्म पर टिकट बुकिंग के साथ ट्रेन ट्रैकिंग, शिकायत दर्ज कराने और भोजन ऑर्डर करने जैसी कई सुविधाएं भी उपलब्ध हैं.

जनरल क्लास टिकट बुकिंग सुविधा भी

रेलवन ऐप के माध्यम से यात्री घर बैठे मोबाइल फोन से अनारक्षित टिकट बुक कर सकते हैं. इससे टिकट काउंटर पर कतार में लगने की जरूरत नहीं पड़ती और कुछ ही मिनटों में टिकट बुक हो जाता है. यह सुविधा दैनिक यात्रियों, छात्रों और कामकाजी लोगों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है. डिजिटल टिकटिंग से स्टेशनों पर भीड़ कम करने में भी मदद मिलती है.

अनारक्षित टिकट पर 3 प्रतिशत तक छूट

डिजिटल भुगतान और नकद रहित लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए रेलवन ऐप से सभी स्वीकृत डिजिटल भुगतान विकल्पों के जरिए अनारक्षित टिकट बुक करने पर 3 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है. यह छूट केवल रेलवन ऐप से बुक किए गए अनारक्षित टिकटों पर लागू है. किसी अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म या वेबसाइट पर इसका लाभ नहीं मिलेगा. डिजिटल भुगतान से छुट्टे पैसे की परेशानी खत्म होने के साथ फर्जी नोटों का जोखिम भी नहीं रहता और लेन-देन पारदर्शी रहता है.

एक ऐप पर कई रेल सेवाएं

रेलवे के अनुसार, इस ऐप पर अनारक्षित टिकट के अलावा आरक्षित टिकट बुकिंग और पीएनआर संबंधी सुविधाएं भी मिलती हैं. यात्री ट्रेनों की लाइव स्थिति और रनिंग स्टेटस देख सकते हैं. शिकायत दर्ज करने तथा उसकी ऑनलाइन मॉनिटरिंग की सुविधा भी उपलब्ध है. इसके अलावा ई-कैटरिंग के जरिए पसंदीदा भोजन ऑर्डर किया जा सकता है. एक ही लॉगिन से भारतीय रेलवे की अनेक डिजिटल सेवाओं का उपयोग किया जा सकता है. वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह ने यात्रियों से रेलवन ऐप डाउनलोड कर रेलवे के आधिकारिक डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करने की अपील की.

पुलिस ने किया चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

भौंरा। शाहपुर पुलिस ने चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गए सोने-चांदी के जेवरात एवं वारदात में प्रयुक्त वाहन बरामद किया है। 18 फरवरी 2026 की शाम फरियादिया रश्मि धुर्वे पति अनिल धुर्वे उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम सालीमेट थाना शाहपुर के सूने मकान का अज्ञात आरोपियों द्वारा ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया गया। आरोपियों ने आलमारी एवं अन्य सामान के ताले तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात तथा नगदी चोरी कर ली। इस संबंध में थाना शाहपुर में धारा 331(3), 305(ए) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। सीन ऑफ क्राइम मोबाइल यूनिट एवं डॉग स्क्वॉड द्वारा घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्य संकलित किए गए। साथ ही आसपास के सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी माध्यमों से आरोपियों की तलाश प्रारंभ की गई। लगातार तकनीकी विश्लेषण, मुखबिर सूचना एवं साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने जितेन्द्र उर्फ मंझले विश्वकर्मा, निवासी ग्राम भटेरा, थाना पलोहा, जिला नरसिंहपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी कृष्ण कुमार चौरे उर्फ बबलू, निवासी जिला छिंदवाड़ा के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक बैतूल द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी अथवा सूचना देने वाले के लिए दस हजार के पुरस्कार की उद्घोषणा की गई है। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से चोरी गए सोने-चांदी के जेवरात एवं वारदात में प्रयुक्त मारुति स्विफ्ट डिजायर कार सहित लगभग 5 लाख मूल्य का मशरूका बरामद किया गया है।

जिले में फिर धीमी पड़ी मानसून की रफ्तार, खिलने लगी धूप

बैतूल। जिले में मानसून की रफ्तार एक बार फिर धीमी पड़ गई है। पिछले सोमवार 20 जुलाई से शनिवार 25 जुलाई तक पांच दिनों में जिले में औसतन केवल 20.5 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। इस दौरान 20 जुलाई को 15.8 मिमी, 21 जुलाई को 3.1 मिमी, 23 जुलाई को 12.5 मिमी, 24 जुलाई को 0.5 मिमी और 25 जुलाई को केवल 1.1 मिमी बारिश हुई। पिछले चार दिनों से अधिकांश क्षेत्रों में बारिश लगभग थमी हुई है। इससे दिनभर उमस बढ़ गई है और लोग गर्मी से परेशान हैं। 25 जुलाई तक जिले में कुल औसत वर्षा 338.7 मिमी दर्ज की गई है। जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि तक 398.7 मिमी वर्षा हो चुकी थी। यानी इस वर्ष अब तक 60 मिमी कम बारिश हुई है। वहीं जिले की औसत सामान्य वार्षिक वर्षा 1083.9 मिमी है। इसके मुकाबले अब तक केवल 338.7 मिमी बारिश हुई है, यानी अभी भी 745.2 मिमी वर्षा की कमी बनी हुई है। हालांकि मानसून का बड़ा हिस्सा अभी बाकी है। बारिश रुकने से हवा में नमी बढ़ गई है। सुबह और शाम के समय उमस अधिक महसूस की जा रही है, जबकि दिन में बादल छाने के बावजूद तेज धूप निकलने से चिपचिपी गर्मी लोगों को परेशान कर रही है।

धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा लोकतंत्र की जीत : डागा

बैतूल। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद जिला कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को पूर्व घोषित कैंडल मार्च और सत्याग्रह के स्थान पर विजय मार्च निकाला। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आयोजित यह विजय मार्च शाम 6:30 बजे कारगिल चौक से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए अंबेडकर चौक पहुंचा। मार्च में कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, विभिन्न मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता, छात्र, युवा, अभिभावक और बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। पूरे मार्च के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसे छात्रों और युवाओं के संघर्ष की जीत बताते हुए नारे लगाए।

गौरतलब है कि धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने सभी जिला कांग्रेस कमेटियों को तत्काल कार्यक्रम में बदलाव करने के निर्देश जारी किए। संगठन प्रभारी महासचिव डॉ. संजय कामले ने जारी संदेश में पहले प्रस्तावित कैंडल मार्च और सत्याग्रह के स्थान पर विजय मार्च आयोजित करने के निर्देश दिए। जिला कांग्रेस कमेटी ने इन्हीं निर्देशों के अनुरूप पूर्व निर्धारित समय और मार्ग पर विजय मार्च आयोजित किया। कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष निलय विनोद डागा ने कहा कि देश के युवाओं ने अपने संघर्ष से केंद्र सरकार को झुकने पर मजबूर कर दिया है।

जय जगन्नाथ- हरि बोल के जय घोष से गूंजा आसमान

बैतूल। बैतूल के लिए आज का दिन इतिहास के पन्नों में हमेशा याद रहेगा। अवसर था, जगन्नाथ जी की रथ यात्रा का। वैसे तो अमूमन धार्मिक माहौल में वर्षों से रचा बसा एवं साम्प्रदायिक सद्भाव की मिशाल बना बैतूल शहर में समय-समय पर अनेक आयोजन होते है लेकिन देवशयनी एकादशी के शुभ अवसर पर 25 जुलाई शनिवार को पूरे भक्ति-भाव के साथ पहली बार निकली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी ने इतिहास रच दिया। इस्कॉन इंदौर के मार्गदर्शन में श्री जगन्नाथ रथ यात्रा समिति ने माता मंदिर गंज से रथ यात्रा प्रारंभ की। फूलों से सजे धजे रथ में सवार भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एंव बहन सुभद्रा दर्शन देने निकले तो श्रद्धालु उनकी एक झलक पाकर धन्य हो गए थे। यात्रा के दौरान जय जगन्नाथ- हरि बोल के जय घोष से आसमान गूंज उठा था। रथ यात्रा के समापन पर इस्कॉन इंदौर के महा मनदास आदि संतों ने प्रवचन दिए। श्री जगन्नाथ रथ यात्रा समिति के अरूण सिंह किलेदार एवं राजेश आहूजा ने बताया कि माता मंदिर गंज से शाम चार बजे भगवान जगन्नाथ की पवित्र रथ यात्रा प्रारंभ हुई तो पूरा क्षेत्र भक्ति के माहौल में डूब गया था।

रथयात्रा के बाद मंदिर में विराजमान हुए श्री जगन्नाथ

पाथाखेड़ा। उत्कल घासी समाज उत्थान समिति समस्त ओड़िया समाज तथा नगर के जगन्नाथ भक्तों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु की बाहुड़ा रथयात्रा नौवें दिन अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ संपन्न हुई। मौसी मां के घर से लौटते हुए भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और माता सुभद्रा सुसज्जित रथ पर विराजमान होकर बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों और जयघोष के बीच अपने श्री जगन्नाथ मंदिर पहुंचे।समिति अध्यक्ष अमित सिंदूर एवं सचिव कीर्ति नायक ने बताया कि रथयात्रा की

परंपरा के अनुसार भगवान नौ दिन मौसी मां के यहां प्रवास के बाद पुनः अपने धाम लौटते हैं। पंडित संतोष शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार, हवन एवं विधि-विधान से भगवान का पूजन कर मंदिर में पुनः विराजमान कराया।रथयात्रा सुपर एफ हाईस्कूल से विजय नगर, ओड़िया मोहल्ला, जी-टाइप एवं सिविल ऑफिस रोड होते हुए मंदिर पहुंची। मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा की, जबकि महिलाओं ने आरती उतारकर भगवान का स्वागत किया।

सुधीर पूरी बने लायंस क्लब अध्यक्ष,नई कार्यकारणी का गठन

मुलताई। लायंस क्लब मुलताई ताप्ती नगरी के वर्ष 2026-27 के नवीन सत्र का इंस्टॉलेशन सेरेमनी हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। समारोह में पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (पी.डी.जी.) एवं डिस्ट्रिक्ट जी.एल.टी. कोऑर्डिनेटर लायन कमल भंडारी ने इंस्टॉलेशन ऑफिसर के रूप में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर ज़ोन चेयरपर्सन लायन महेश नायक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में पी.डी.जी. लायन कमल भंडारी ने कहा कि लायंस क्लब इंटरनेशनल विश्व का

सबसे बड़ा सेवा संगठन है, जिसका मूल उद्देश्य निस्वार्थ भाव से मानव सेवा करना है। उन्होंने सभी लायन मेंबर्स से सेवा, समर्पण एवं नेतृत्व की भावना के साथ समाजहित के कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। ज़ोन चेयरपर्सन लायन महेश नायक ने भी नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएँ देते हुए वर्षभर अधिकाधिक सेवा प्रकल्प संचालित करने का आह्वान किया। दीपेश बोथरा ने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए प्रेसिडेंट लायन सुधीर पुरी, सेक्रेटरी लायन नीरज ठाकरे, ट्रेज़रर लायन शोभित भार्गव, फर्स्ट वाइस प्रेसिडेंट लायन सुमित जैन, सेकंड वाइस प्रेसिडेंट लायन अभिषेक अग्रवाल, जॉइंट सेक्रेटरी लायन योगेश पटेल, जॉइंट ट्रेज़रर लायन महेश नायक, मेंबरशिप डायरेक्टर लायन अश्विनी धोटे, टेल ट्विस्टर लायन उमंग अग्रवाल, टेल टेमर लायन पंकज यादव तथा पब्लिक रिलेशंस ऑफिसर लायन दीपेश बोथरा सहित समस्त एग्जीक्यूटिव कमेटी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की है। इस अवसर पर प्रशांत भार्गव, आशीष डांगे एवं तरेंद्र रघुवंशी ने नए मेंबर्स के रूप में लायंस क्लब इंटरनेशनल की सदस्यता ग्रहण करते हुए शपथ ली।

प्रदर्शन | काले कपड़े पहनकर किया विरोध, मोदी सरकार का जलाया पुतला

राहुल गांधी की गिरफ्तारी का कांग्रेस ने जताया विरोध, निकाली रैली

सारनी। ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने राहुल गांधी की गिरफ्तारी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया है। नगर के मुख्य चौराहे पर मोदी सरकार का पुतला दहन कर विरोध दर्ज किया।

ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बटेश्वर भारती ने कहा कि नीट सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक के विरोध में एवं शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर रैली निकाल कर विरोध दर्ज किया है, उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी की गिरफ्तारी को लेकर मोदी सरकार का पुतला दहन किया गया, अपना विरोध दर्ज किया है। श्री भारती ने कहा

कि देशभर के विद्यार्थियों एवं अभिभावकों राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं को लेकर गहरा आक्रोश है। नीट सहित अनेक परीक्षाओं में पेपर लीक, परीक्षा संबंधी गड़बड़ियों एवं भ्रष्टाचार ने लाखों विद्यार्थियों के भविष्य को संकट में डाल दिया है। कांग्रेस महा सचिव वसीम खान ने कहा कि छात्रों की वर्षों की कठिन मेहनत, आर्थिक संसाधनों और मानसिक संघर्ष के बावजूद यदि परीक्षा की निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्ह लग जाए, तो यह केवल छात्रों के साथ अन्याय नहीं, बल्कि देश की शिक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर आघात है। उन्होंने कहा कि समूचे मामलो को लेकर देश में अनेक छात्र आत्महत्या जैसे अलगाववादी कदम उठाने को भी मजबूर कर दिया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने अपने ज्ञापन में नीट सहित सभी पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कर दोषियों को कठोर दंड दिया जाए। भविष्य में किसी भी परीक्षा में पेपर लीक न हो, इसके लिए सुरक्षित एवं पारदर्शी परीक्षा प्रणाली लागू की जाए। परीक्षा एवं परिणाम से संबंधित शिकायतों के समाधान हेतु स्वतंत्र एवं प्रभावी तंत्र स्थापित किया जाए। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा देने की मांग शामिल है। इस मौके पर बटेश्वर भारती, तिरुपति अरोलू, सुरेश पांड्या, राफे बख्श, एस के उपरीत, सन्नी अरोलू, मंडलम अध्यक्ष हेमन्त धोटे, गोविंदा अरोलू, गौतम नागले,माया वर्मा, अनीता बेलवंशी, लक्ष्मी गोह, ममता साहू, शोभा दत्ता, रोहित भारती, विपिन कुशवाहा, भोला कांति,रुखसाना बानो, संगीता मरकाम, चंद्रसोनिकर,मेनका हीरा,मुमताज बानो, मुन्नी बिहार, अनवरी बानो, संजू बाई,पिंकी गोह,सतीश सेन, संदीप मस्की,सुनील भलावी, शेख अप्पू, किरण झारबडे, जोज़फ जॉन, मनी सुब्रह्मण्य, दीपक ठाकरे, मिलिंद थोरात, अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्लांट में शासकीय दस्तावेज में छेड़छाड़ का आरोप

पाथाखेड़ा। सतपुड़ा ताप विद्युत गृह के ठेका कार्यों में कथित अनियमितताओं, शासकीय अभिलेखों में संभावित छेड़छाड़, श्रमिकों के आर्थिक शोषण तथा भविष्य निधि (पीएफ/ईपीएफ) में कथित गड़बड़ियों को लेकर शिकायत सामने आई है। मजदूरों के पक्ष में कार्यरत शिकायतकर्ता मनोज पवार ने थाना प्रभारी सारनी जयपाल इवनाती को विस्तृत लिखित शिकायत सौंपकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं विधिसम्मत जांच की मांग की है।शिकायत में दावा किया गया है कि सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत प्राप्त दस्तावेजों के अध्ययन से प्रथम दृष्टया महर्षि इंटरप्राइजेस, बालाजी इंटरप्राइजेस एवं नीलम इंटरप्राइजेस से जुड़े कार्यों में कुछ विभागीय अधिकारियों एवं ठेकेदारों की कथित मिलीभगत से शासकीय अभिलेखों में छेड़छाड़ किए जाने की आशंका सामने आई है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

Phone & Fax (07160)231007 website- www.npjunnardeo.com
email id- cmojunardev.mpurban.gov.in

क्रमांक / 1593/नपा0 / 2026 जुन्नारदेव दिनांक 25/07/2026

// जेम निविदा सूचना पत्र //

समस्त सप्लायर / रजिस्टर्ड फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव द्वारा नगर क्षेत्र में राष्ट्रीय ध्वज के स्थापना स्थल पर High Mast Pole for National Flags (V2) क्रय किये जाने हेतु जेम पोर्टल पर निविदा आमंत्रित की गई है। उक्त निविदा अंतर्गत 16 मीटर ऊँचाई का Mild Steel Galvanized High Mast Pole for National Flags (V2), बाहरी रस्सी प्रणाली (External Rope System) सहित 01 नग क्रय किया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक एवं पात्र निर्माता/आपूर्तिकर्ता जेम पोर्टल पर प्रकाशित निविदा का अवलोकन कर निर्धारित शर्तों के अनुसार अपनी ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 08.08.2026 रात्रि 09:00 बजे निर्धारित है तथा निविदा का उद्घाटन 08.08.2026 रात्रि 09:30 बजे किया जायेगा। जेम पोर्टल पर प्रकाशित उक्त निविदा का बिड क्रमांक GEM/2026/B/7833375 दिनांक 24.07.2026 है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव
जिला-छिन्दवाडा